## महत्वपूर्ण एवं खास

### सब्जी खरीदने बाजार पहुंचे एएसआई पर हमला, इलाज के दौरान मौत, आरोपी गिरफ्तार

**बिलाईगढ़ (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में मंगलवार को दिन दहाड़े एएसआई की हत्या कर दी गई। सब्जी खरीदने बाजार पहुंचे एएसआई पर युवक ने हमला कर दिया और डंडे से जोरदार वार किया। इस हमले में एएसआई गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना जिले के सरिया थाना क्षेत्र का है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार यहां के सरिया थाने में पदस्थ ्रस्द्रढ डीएन साहू (59) अटल चौक पर मंगलवार की दोपहर को मटर खरीद रहे थे। इसी दौरान शराब के नशे में धुत युवक पहुंचा और अचानक एएसआई पर हमला कर दिया। युवक ने डंडे से एएसआई के सिर पर जोरदार वार कर दिया जिससे उसका सिर फट गया। वह बदहवास होकर गिर पड़ा और उसके सिर से खून बहने लगा। मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई और एएसआई साहू को लोगों ने बरमकेला अस्पताल में भर्ती कराया। अत्याधिक खून बह जाने के कारण एएसआई की इलाज के दौरान मौत हो गई।

### छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग : राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 12 को दो पालियों में होगा

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2022 दो पालियों में 12 फरवरी को सुबह 10 से 12 बजे तक तथा दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक आयोग द्वारा निर्धारित (57) परीक्षा केन्द्रो में आयोजित की जाएगी। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए परीक्षा केन्द्रों हेतु परिवहन अधिकारी और उडऩदस्ता प्रभारी नियुक्त किया है। परीक्षा के दौरान आबंटित परीक्षा केन्द्रों में अनैतिक कार्यो की रोकथाम हेतु पर्यवेक्षक सतत् निरीक्षण करेंगे। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षार्थियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को कोविड-19 महामारी के दिशा निर्देशानुसार सोशल डिस्टेसिंग, सेनेटाईजेशन, मास्क पहनना एवं अन्य सभी दिशा निर्देशो का पालन करना अनिवार्य होगा।

### दुर्ग में असमाजिक तत्वों ने फूंक दी पुलिस कर्मी की बाइक

**दुर्ग (आरएनएस)।** पुलिस लाइन में खड़ी पुलिसकर्मी की बाइक को असमाजिक तत्वों ने आग लगाकर फूंक दिया। इससे बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गया। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 435 के तहत अपराध दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सी/110 न्यु पुलिस लाईन दुर्ग निवासी आरक्षक प्यारे लाल यादव की बाइक को अज्ञात बदमाशों ने आग के हवाले कर दिया। प्यारेलाल ने अपनी शिकायत में बताया कि 29 जनवरी 2023 के रात करीबन 8.00 बजे वह अपने क्वार्टर पहुंचा। क्वार्टर के बाहर अपनी मोटर सायकिल क्रमांक सीजी 10 ईएम 9833 हीरो पैशन प्रो को खडी कर अपने रूम में चला गया। रात करीब 10 बजे बाइक को अज्ञात व्यक्ति आग लगाकर भाग गया। जब तक आरक्षक पहुंचा बाइक पूरी तरह से जल चुकी थी।

### वृक्षों की कटाई के मामले में जांच की मांग

**कोरबा (आरएनएस)।** बालको नगर वन परिक्षेत्र में बड़ी संख्या में वृक्षों की कटाई का मामला सामने आने के बाद कई सवाल उठ खड़े हुए हैं। कलेक्टर से मांग की गई है कि कटाई का काम आखिर किसकी सहमति से हुआ, इस बारे में जांच करायी जाए। लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष राजकुमार दुबे ने कलेक्टर को पत्र लिखा है। कहा गया कि इस मामले में लिपापोती करने की कोशिश की जा रही है। संबंधित क्षेत्र से इमारती लकडिय़ों की प्रजाति वाले वृक्षों की कटाई हुई है। इस इलाके में काफी समय से अवैध काम चल रहे हैं। इन सबके बीच व्यापक पैमाने पर वृक्षों की कटाई होने से मामला गंभीर हो गया है।

# अब कोरबा की महिलाएं भी बनाएंगी गोबर से पेंट : प्राकृतिक पेंट निर्माण से पर्यावरण संरक्षण में होगी भागीदारी, महिलाओं को गांव में ही मिलेगा रोजगार

- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुसार ग्राम दमिया में हुआ गोबर पेंट निर्माण इकाई का उद्घाटन
- पेंट निर्माण इकाई से पहले दिन 100 लीटर गोबर पेंट का हुआ उत्पादन



**कोरबा ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के गौठानों में प्राकृतिक पेंट निर्माण स्थापना और इसके माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को रोजगार देने के मंशानुरूप आज विकासखण्ड पाली अंतर्गत ग्राम दमिया में प्राकृतिक पेंट निर्माण इकाई का शुभारंभ किया गया। इसके माध्यम से अब कोरबा की महिलाएं भी गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाएंगी। प्राकृतिक पेंट निर्माण से न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। प्राकृतिक पेंट निर्माण इकाई से गांव की महिलाओं को गांव में ही रोजगार मिलेगा। दमिया के गौठान परिसर में पाली तानाखार विधायक मोहित राम केरकेट्टा, गौसेवा आयोग के सदस्य प्रशांत मिश्रा एवं कलेक्टर संजीव झा ने जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में प्राकृतिक पेंट निर्माण इकाई का उद्घाटन किया। अतिथियों ने गौठान में स्थापित इकाई की विभिन्न मशीनों और उपकरणों का अवलोकन किया। साथ ही पेंट निर्माण के विभिन्न चरणों की भी जानकारी ली। दमिया में स्थापित प्राकृतिक गोबर पेंट निर्माण इकाई की उत्पादन क्षमता प्रतिदिवस 500 लीटर तक की है। इकाई के द्वारा प्रथम दिन 100 लीटर गोबर पेंट का निर्माण किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों को स्वसहायता समूह के सदस्यों ने गोबर पेंट भेंट किया। गाय के गोबर से निर्मित प्राकृतिक पेंट एंटीबैक्टिरियल, एंटीफंगल, नॉनटॉक्सिक और पर्यावरण हितैशी होता है। इस अवसर पर विधायक केरकेट्टा ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी गोधन न्याय योजना से गोबर से आय, खाद से आय अर्जित की जा रही है। इसके साथ ही प्रदेश में जैविक खेती को बढ़ावा मिल रहा है। इसी कड़ी में अब गोबर पेंट निर्माण से आय सृजन के नये अध्याय की शुरूआत हो रही है, जो कि निश्चित तौर पर सफल होगा। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना और नरवा-गरवार-घुरूवा-बाड़ी मॉडल स्थानीय ग्रामीण परिवारों के आय व संसाधन विकास की योजना के रूप में पर्याय बन चुकी है। जिसे देश व विदेशों में सराहा जा रहा है। गौसेवा आयोग केसदस्य प्रशांत मिश्रा ने कहा कि पहले घर को शुद्ध करने के लिए छुही व गोबर का उपयोग करते थे। परंतु आज के समय में पवित्र गोबर से पेंट, डिस्टेंपर से हमारे घर, गांव के मकानों को रंगाई किया जाएगा। गोबर पेंट सुनकर भरोसा नहीं होता था। परंतु आज दमिया की दीदीयों ने यह बनाकर दिखा दिया। पूरे राज्य में कोरबा जिले में यह पांचवी इकाई स्थापित की जा रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष शिवकला कंवर, जनप्रतिनिधि नवीन सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जनपद सदस्य, दमिया की सरपंच अनिता जगत सहित सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर, एसडीएम पाली शिव बनर्जी, डीपीएम राजीव वास एवं गांव के ग्रामीणजन मौजूद रहे।

प्राकृतिक पेंट निर्माण इकाई के शुभारंभ के अवसर पर कलेक्टर संजीव झा ने कहा कि गांव की महिलाओं ने बहुत ही कम समय में अच्छा काम करके पेंट निर्माण इकाई के संचालन में भागीदारी निभाई है। प्राकृतिक गोबर पेंट निर्माण इकाई का स्वामित्व व देखरेख गौठान में कार्यरत् शिवशक्ति स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जाएगा। उन्होंने इकाई के सुचारू संचालन के लिए समूह की महिलाओं को शुभकामनाएं दी। साथ ही मेहनत और लगन से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर झा ने कहा कि गौठान निर्माण से चरणबद्ध विकास होते गए। पहले मवेशियों को गौठानों में रखकर चारा-पानी देने का काम शुरू किया गया। उसके पश्चात् गोबर खरीदी और वर्मी कम्पोस्ट निर्माण शुरू हुआ। तत्पश्चात् गौठानों में गांव की महिलाएं विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों में जुड़ती गईं। इसी के अगले चरण में गोबर से पेंट निर्माण इकाई का स्थापना किया गया है। अगले चरण में गोबर के फाइबर से कागज, गत्ता, थैला आदि बनाने का भी काम किया जाएगा। जिससे अधिक से अधिक महिलाओं को गांव में ही रोजगार प्राप्त होगा।

# अवैध निर्माण के मामलों पर प्रकरण बनाकर करें कार्यवाही -कलेक्टर

- कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने ली समय-सीमा की बैठक



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी ने आज यहां सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने अवैध निर्माण के नियमितीकरण के कार्य को प्राथमिकता में लेकर प्रकरण बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस काम को पहली प्राथमिकता में लेते हुए अपने विभागीय स्तर पर जाँच कर अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें, अन्यथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे। कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने विभागीय समय-सीमा की बैठक में सभी उपस्थित विभागीय अधिकारियों को पूरे सप्ताह भर होने वाली बैठकें और प्रगति रिपोर्ट सौंपे जाने की नियमितता को लेकर अवगत कराया और समय पर जानकारी मुहैया कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जनदर्शन के आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने को कहा।

कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने वन अधिकार पट्टाधारियों का सीमांकन एवं बटांकन संबंधी समस्या पर चर्चा करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। वन अधिकार पत्र में चिन्हित गाँवों में सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत सभी को काम स्वीकृत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र के सत्यापन संबंधी प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा रबी फसलों पर चर्चा करते हुए जिले में मूंग, मसूर, तिवड़ा, कुलथी, तिल, मूंगफली, रागी और उड़द, इन फसलों को प्राथमिकता में लेकर इसकी फसल लेने हेतु किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने बैठक के दौरान धन्वंतरी मेडिकल स्टोर योजना, कौशल विकास योजना, वन अधिकार पत्र, कृष्ण कुंज, गोधन न्याय योजना, राजीव युवा मितान क्लब, पैरादान, आत्मानंद स्कूलों में चयन प्रक्रिया, रामायण मंडली, वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, विवादित नामांतरण एवं खाता विभाजन, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, टीबी कुष्ट रोग जाँच एवं निवारण अभियान, राजीव गाँधी भूमिहीन किसान योजना सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने अवैध निर्माण के नियमितीकरण के संबंध में सभी संबंधित अधिकारी को टीम बनाकर अपने स्तर पर सर्वे एवं निरीक्षण करने हेतु कहा। उसके पश्चात् मानचित्र में उक्त जगह की जांच करने के बाद अगर गड़बड़ी पाई जाती है तो प्रकरण बनाकर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

उक्त बैठक में अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर भागवत जायसवाल एवं डॉ. स्निग्धा तिवारी, एसडीएम के.एल.सोरी एवं मोनिका वर्मा, साथ ही अन्य विभागों के विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

## प्रशासन ने की 117 बोरा अवैध धान जब्त

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** कलेक्टर विनीत नंदनवार के निर्देश पर अवैध धान को लेकर निरंतर कार्यवाही जारी है प्रशासन की संयुक्त टीम के द्वारा अवैध धान खपाने व भण्डारण करने वालों के विरूद्ध अवैध परिवहन व भण्डारण पर दबिश देकर पकडऩे में सफल हो रही है। धान खरीदी के अंतिम दिवसों में धान के अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु जिले में लगातार निगरानी की जा रही है। 29 जनवरी 2023 को खाद्य विभाग एवं कृषि उपज मंडी दंतेवाड़ा के द्वारा मोखपाल के पास जांच किया जा रहा था। इस दौरान वाहन सीजी-18 के-2831 (टाटा 709) की जांच की गई। जिसमें धान 117 बोरा वजन 52.62 क्विंटल धान बिना वैध दस्तावेज के परिवहन करते पाया गया। उक्त वाहन में सवार नकुलनार के व्यापारी नागेंद्र पासवान (मे. पासवान ट्रेडर्स) से धान के दस्तावेज की मांग की गई, परंतु व्यापारी नागेंद्र पासवान द्वारा मंडी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया गया।

उक्त धान सुकमा से नकुलनार अपने परिसर तक परिवहन करना बताया। वैध दस्तावेज के अभाव एवं संतुष्ट जबाब नहीं देने पर उक्त धान मात्रा 117 बोरा को मंडी अधिनियम के तहत जब्त कर कार्यवाही की गई। कार्यवाही में जांच में खाद्य निरीक्षक योगेश मिश्रा, प्रमोद सोनवानी, सचिन धृतलहरे एवं मंडी निरीक्षक उपस्थित रहे।

# ऑफिस में लगी भीषण आग : 100 से अधिक महत्वपूर्ण फाइलें जलकर खाक

- जनपद कार्यालय के रिकॉर्ड रूम में लगी भीषण आग



**कवर्धा (आरएनएस)।** कवर्धा के जनपद कार्यालय में भीषण आग लग गई। आग लगने की वजह से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर खाक हो गए। जनपद कार्यालय लोहारा में लगी आग किसी साजिश के तहत लगाई गई है या फिर शॉर्ट सर्किट से लगी है इस संदर्भ में जांच चल रही है।

जानकारी के मुताबिक जनपद ऑफिस लोहारा के रिकॉर्ड रूम में आग लगी है। आगजनी में 100 से अधिक दस्तावेज जलकर खाक हो गए । हालांकि जिस तरह से आग लगी है, वह कई तरह की आशंकाओं को जन्म दे रही है । जहां पर आग लगी वहां शॉर्ट सर्किट से आग लगने की गुंजाइश नहीं है। लिहाजा शक की सुई जानबूझकर आग लगाने की तरफ बढ़ रही है।

आपको बता दें कि 16 दिन के भीतर दूसरी बार ऐसा मौका है जब रिकॉर्ड रूम में आग लगी है । मामले में एफआईआर दर्ज की गई है, पुलिस की जांच में खुलासा हो सकता है। बीते 3 सालों में विधानसभावार जानकारी, सडक़ निर्माण सहित कई मामले की फाइल जलकर राख हुई है।

# पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए डीएसपी राकेश भोई और हेड कांस्टेबल निरंतर मिंज, विभाग ने दी विदाई



**रायगढ़।** 31 जनवरी को पुलिस विभाग में सेवारत रहते हुए निर्धारित अधिवार्षिकी आयु सीमा 62 पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे जिले के डीएसपी राकेश कुमार भोई तथा प्रधान आरक्षक निरंतर मिंज को आज पुलिस नियंत्रण कक्ष में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रायगढ़ सदानंद कुमार द्वारा शॉल, श्रीफल भेंट कर सम्मान विभाग से विदाई दी गई है।

विभागीय परंपरा अनुसार सेवानिवृत्तों के लिए आयोजित सम्मान कार्यक्रम में उपस्थित एडिशनल एसपी (आईयुसीएडब्ल्यू) डॉ0 राजेंद्र प्रसाद भैया, एडिशनल एसपी रायगढ़ संजय महादेवा समेत जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण, रक्षित निरीक्षक, थाना/चौकी प्रभारी तथा पुलिस कार्यालय के स्टाफ उपस्थित थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा सेवानिवृत्ति को स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं भेंट करते हुए अपने आगे के समय को भी सामाजिक कार्यो में लगाने के लिए कहा गया। एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा सेवा निवृत्तों के पेंशन प्रकरणों की जानकारी लिये जाने पर पुलिस कार्यालय के प्रभारी मुख्य लिपिक जे.पी. चेलकर बताये कि प्रधान आरक्षक निरंतर मिंज का पेंशन प्रकरण बिलासपुर पेंशन कार्यालय से अग्रेषित हो होकर जिला कोषालय रायगढ़ को प्राप्त हो चुका है। सम्मान कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधिकारियों द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे दोनों पुलिसकर्मियों को पुष्प गुच्छ देकर दीर्घायु की शुभकामनाएं दी गई है। डीएसपी राकेश कुमार भाई जिला महासमुंद के रहने वाले हैं जो उप निरीक्षक सीधी भर्ती से चयनित होकर पदोन्नत होते हुए उप पुलिस अधीक्षक के पद से रिटायर हुए हैं। वहीं प्रधान आरक्षक निरंतर मिंज जिला जशपुर के रहने वाले हैं, वे थाना यातायात व रक्षित केंद्र में काफी समय तक कार्यरत रहे।

# वंदे भारत पर भिलाई के तीन नाबालिगों ने बरसाए थे पत्थर

- रेलवे पुलिस ने पकड़ा



**भिलाई (आरएनएस)।** वंदे भारत ट्रेन पर पत्थर बरसाने के आरोप में रेलवे सुरक्षा बल ने भिलाई के तीन नाबालिगों को अभिरक्षा में लिया है। तीनों नाबालिग भिलाई -3 के हैं।

रेलवे सुरक्षा बल ने यह कार्रवाई पूछताछ एवं जांच में मिले तथ्यों के आधार पर की है।

वंदे भारत रेल सेवा नागपुर से बिलासपुर के बीच शुरू होने के बाद भिलाई में उक्त ट्रेन पर दो बार पथराव की घटना हो चुकी है। दूसरी घटना बीते 20 जनवरी की शाम को 5:30 बजे के लगभग हुई थी जब ट्रेन दुर्ग से रायपुर जा रही थी। इस दौरान भिलाई के आसपास ट्रेन की बोगी पर पत्थरबाजी की घटना हुई थी। जिसमें एक बोगी की खिडक़ी में लगा ग्लास क्षतिग्रस्त हो गया था।

इस घटना की सूचना ट्रेन के गार्ड ने रायपुर पहुंचने के बाद रेलवे सुरक्षा बल को दी थी। इसमें उल्लेख किया गया था कि भिलाई के आसपास ट्रेन पर पथराव की घटना हुई है। रेलवे सुरक्षा बल के भिलाई-3 स्थित थाना में इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया था। इसकी जांच के लिए रेलवे सुरक्षा बल भिलाई दुर्ग एवं रायपुर की संयुक्त टीम लगाई गई थी।

इसके अलावा स्थानीय पुलिस की मदद भी ली जा रही थी। इतना ही नहीं दुर्ग से लेकर भिलाई -3 तक विभिन्न स्थानों पर लोगों को जागरूक भी किया जा रहा था। जिससे पथराव की घटनाओं को रोका जा सके। इस दौरान ही जानकारी लगी कि भिलाई - 3 में बजरंग पारा के आसपास कुछ नाबालिग अक्सर ट्रेन पर पथराव करते हैं। इसके आधार पर इन नाबालिग को पकड़ा गया। बताया जाता है कि उक्त नाबालिग आसपास श्रमिक बस्ती के ही हैं। भिलाई बीएमवाई रेलवे सुरक्षा बल विकास तिवारी ने कहा, पत्थरबाजी के मामले में तीन नाबालिगों को अभिरक्षा में लेकर बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा अधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उनके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्ध विरासत पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# शहीद वीर नारायण सिंह शास.महाविद्यालय जोबी-बर्रा में मनाया गया वार्षिकोत्सव



**रायगढ़।** शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रामदयाल राठिया ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर राठिया ने कहा कि महाविद्यालय के निरंतर प्रगति में यहां के शिक्षक, छात्र व प्रबंधकीय व्यवस्था है। यह विद्यार्थियों के लिए बहुत अच्छा अवसर है, जिसमें सभी को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। विशिष्ट अतिथि संतोष देवांगन ने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि इस तरह की प्रतिस्पर्धाओं में ग्रामीण अंचल के विद्यार्थी पिछड़ जाते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि महाविद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राएं निश्चित तौर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर केवल गांव, जिले या प्रदेश ही नहीं अपितु राष्ट्रीय स्तर पर अपने क्षेत्र को गौरवान्वित करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को असफलता से नही घबराने की सीख देते हुए कहा कि सफलता के लिए नियमित अभ्यास करते रहना चाहिए।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सहायक प्राध्यापक रविंद्र कुमार थवाईत ने कहा कि महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 2014 में हुई थी। वर्तमान में महाविद्यालय के नवीन भवन का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है, जिससे आगामी समय में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के लिए आगे बढऩे की संभावनाएं और भी बढ़ेंगी। इस दौरान सभी के साथ जनपद सदस्य पवन राठिया व चौकी प्रभारी थानूराम नायक की उपस्थिति में पूर्व में आयोजित हुई विभिन्न किस्म की प्रतिस्पधाओं में भाग लेकर विजयी रहने वाले प्रतियोगियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित कर उन्हें सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देश के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक गाथा को पिरोते हुए सभी प्रकार के नृत्य व गीत की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मंच संचालन अतिथि व्याख्याता राहुल राठौर द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि एवं संस्था के अधिकारी-कर्मचारी समेत अभिभावक, सभी शिक्षक व बड़ी संख्या में दर्शकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक वासुदेव पटेल, योगेन्द्र राठिया, डॉ.सुश्री ज्ञानमणि एक्का, अतिथि व्याख्याता रामनारायण जांगड़े, रितेश राठौर, राहुल राठौर, सुश्री प्राची पटेल, हेड क्लर्क पी. एल.अनन्त, प्रयोगशाला तकनीशियन एल.आर.लाश्कर व पी.एस.सिदार, रानू चंद्रा,श्री महेश सिदार समेत रोशन राठिया, मोहन सारथी, महात्मा खांडे एवं महाविद्यालय के भूतपूर्व उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का योगदान रहा।